बेटा
तब तक अपना है जब तक
उसे पत्नी नहीं मिल जाती है,
बेटी
तब तक अपनी है जब तक
जिंदगी ख़त्म नहीं हो जाती है।

RNI No. PUNBIL/2014/59416

UTURN TIME

# यूटर्न टाईम

UTURNTIME.COM

THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

JAN HETAISHI
JAN JAN KI BAAT
A Venture of UTURN TIME
/janhetaishi

VOL:01 | ISSUE:92 | SUNDAY, DATE: 17-04-2022 | RS.2 | PUBLISH BY: LUDHIANA | DAILY EVENING NEWSPAPER | FOLLOW US ON @UTURNTIME

# रितेश प्रॉपर्टीज एंड इंडस्ट्री लि. ने इंडस्ट्री के लिए मिली जमीन पर बना डाले हजारों फ्लैट!

## गलत ढंग से सीएलयू करवा किया करोड़ों का घपला: पूर्व चेयरमैन पीएसआईसीई

लुधियाना / 17 अप्रैल/ यूटर्न: चंडीगढ़ रोड पर मुंडियाकलां इलाके में बसे फोकल प्वाइंड फेस 8 के अंतर्गत रितेश प्रॉपर्टीज एंड इंडस्ट्रीज द्वारा इंडस्ट्रियल लैंड की जमीन पर घरेलू फ्लैट बनाए जाने के मुद्दा लगातार गर्माता जा रहा है। जिसका मुख्य कारण आरपीआईएल के मालिक संजीव अरोड़ा सनी को आम आदमी पार्टी से राज्यसभा का एमपी बनाया जाना है जिसके बाद राजनैतिक गलियारे में काफी हलचल रही है और लोगें में कई प्रकार की चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया है।

चर्चा है कि उक्त इंडस्ट्री द्वारा इंडस्ट्री लगाने के लिए सब्सिडाइज कीमतों पर मिली जमीन का गलत तरीके से इस्तेमाल करते हुए वहां पर हजारों की संख्या में फ्लैट बनाए जा रहे हैं। वहीं प्लैट खरीदने वाले ग्राहकों और निवेशकों को गुमराह करते हुए बड़ी धोखाधड़ी की जा रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि कोई भी सरकारी जमीन को जब किसी इंडस्ट्री व व्यक्ति विशेष को किसी खास मकसद के लिए अलॉट किया जाता हा तो उस पर उसी कैटेगरी से संबंधित कार्य करने का नियम है। अगर जगह का किसी अन्य कार्य के लिए इस्तेमाल किया जाता है तो उस सरकार उस जगह की अलॉटमेंट को कैंसल कर सकती है। वहीं जिन किसानों से तथाकथित जगह को लिया गया हो वे भी अपनी जगह को वापस लेने का क्लेम कर सकते हैं। विशेषज्ञों की मानें तो बेअंत सरकार द्वारा वर्ष 1992 में पंजाब पंजाब स्मॉल इंड्स्ट्रीज एंड एक्सपोर्ट कार्पोरेशन लिमिटेड (पीएसआईसीई) के तहत राज्य की इंडस्ट्री के पलायन को रोकेने व रोजगार को विकसित करने के उद्देश्य से चंडीगढ़ रोड पर मुंडियां कलां गांव की जमीन को अधिग्रहण कर फेस 8 फोकल प्वाइंट का विकास किया गया। जिसमें बड़े कार्पोरेट घरानों को लगभग 50-50 एकड़ के 50 प्लॉट अलॉट कये गये थे। जिन पर आज बड़ी संख्या में इंडस्ट्री विकसित हो चुकी है। हालांकि शुरुआती दौर में कंपनी द्वारा इस जगह पर वंडरमिल्क का प्लांट लगाया गया था लेकिन कुछ समय बाद वह प्लाट बंद हो गया। जिसके बाद इसी जगह पर अंसल एपीआई के साथ मिलकर कंपनी ने हैमटन बिजनेस पार्क बनाने की भी घोषणाएं की थी।

Ritesh Properties & Industries Ltd

### किसानों को नहीं मिला मुआवजा: टिक्का



✔ पीएसआईसीई के पूर्व चेयरमैन अमरजीत टिक्का ने बताया कि रितेश प्रॉपर्टीज एंड इंडस्ट्रीज को दिय गये लगभग 50 एकड़ के इंडस्ट्रियल प्लॉट पर सरकारी सांठ-गांठ से हजारों की संख्या में फ्लैट बना दिये गये हैं। और कंपनी करोड़ों रूपये का मुनाफा कमा रही है। कुछ रसूखदार लोगों की मदद से रितेश प्रॉपर्टीज द्वारा बादल सरकार के समय में गलत ढंग से सीएलयू करवाया गया। और कई बाहुबलियों की आड़ में यहां पर फ्लैट निर्माण कर दिये गये। टिक्का ने कहा कि फ्लैटों में कई पूर्व कांग्रेसी मंत्रियों का भी हिस्सा रखा गया है। उन्होंने बताया क आज तक जिन किसानों से यह जमीन का अधिग्रहण किया गया था उन किसानों को आज तक इसका मुआवजा भी नहीं मिला और केस माननीय कोर्ट में पेंडिंग है। जबकि कंपनी करोड़ों रूपये का मुनाफा कमा रही है।

### सरकार रद्द कर सकती है अलॉटमेंट: सीए राजीव शर्मा




✔ सीए राजीव शर्मा ने बताया कि कानूनन सरकार द्वारा किसी विशेष मकसद से की गई जमीन अधिग्रहण को केवल उसी काम के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है अगर अलॉटी दी गई जमीन को किसी अन्य मकसद के लिए इस्तेमाल करता है तो सरकार जहां उस जमीन की अलॉटमेंट रद्द कर सकती है वहीं किसान भी सरकार से उस जमीन को वापस मांग सकते हैं व उसके एवज में ज्यादा मुआवजे की मांग कर सकते हैं।

### सीएम को भेजेंगे रिपोर्ट: एमएलए गुरप्रीत गोगी



✔ आम आदमी पार्टी के हलका वैस्ट के विधायक व पीएसआईसीई के पूर्व चेयरमैन गुरप्रीत गोगी ने कहा कि अगर कोई जमीन किसी खास मकसद के लिए सब्सिडाइज कीमतों पर अलॉट की गई है तो वहां पर सिर्फ उसी कैटेगरी से संबंधित कार्य को किया जा सकता है। उनकी जामकारी में यह मामला आया है वह इसकी तह तक जांच करवाएंगे। और अपनी रिपोर्ट सीएम भगवंत मान के पास भेजेंगे।

### सोमवार को देंगे जवाब: एम पी संजीव अरोड़ा



✔ रितेश प्रॉपर्टीज एंड इंडस्ट्रीज के मालिक व राज्यसभी एम पी संजीव अरोड़ा उर्फ सनी से मामला संबंधी पूछने पर उन्होंने कहा कि आज रविवार है एंव इस मामले में सोमवार के दिन बात करेंगें।

### मॉडल टाउन जमीन अलॉटमेंट भी विवाद के बाद हो चुकी है रद्द

✔ गौरतलब है कि रितेश प्रापर्टीज एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड वही कंपनी है जिसे पूर्व कैप्टन सरकार में लुधियाना इंप्रूवममेंट ट्रस्ट द्वारा मॉडल टाउन में लगभग 350 करोड़ 3.75 एकड़ जमीन करीब 90 करोड़ में अलॉट हुई थी जिस पर बीजेपी के विरोध व कांग्रेसी नेता व ट्रस्टी विकी जिप्सी द्वारा ज्यादा बोली के ऑफर पर भारी विवादों के बाद खुद पूर्व मंत्री भारत भूषण आशु ने हस्तक्षेप कर अलॉटमेंट को रद्द करवाया।

## अब विकास की आस

पंजाब में सरकार बदलने के बाद समाज के हर वर्ग को मुख्य रूप से विकास कार्यों में तेजी आने का इंतजार है। मसलन, इस महानगर के लोगों को खस्ताहाल सड़कों, खराब सीवरेज सिस्टम में सुधार और अधर में लटके डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स जल्द ही पूरे होने की उम्मीद है। आम आदमी पार्टी ने सत्ता हासिल करने से पहले जो जनता को गारंटियां दी थी, उनका पूरा होना भी समाज के एक बड़े वर्ग के लिए फायदे की बात है। जबकि बिजली, पानी, सीवरेज, सड़क, और कानून व्यवस्था आम आदमी की बुनियादी जरूरतें और संवैधानिक अधिकार हैं। किसी भी सरकार की प्राथमिकता अपना राजनीतिक एजेंडा पूरा करने के साथ लोगों को उनकी बुनियादी जरूरतों के मुताबिक संवैधानिक अधिकार दिलाना ही प्राथमिकता होनी चाहिए। समाज के कमजोर-पिछड़े तबके के लिए अगर सरकार कोई भी जनहितकारी योजना लागू करती है तो वह विशेष सराहनीय कदम होता है। इसके बाववजूद फिर यही गौरतलब पहलू है कि स्मार्ट सिटी की दौड़ में शामिल लुधियाना जैसे महानगर में शहरियों को ही अब बुनियादी सुविधाएं पूरी तरह हासिल नहीं है तो भला देहात कस्बों में क्या उम्मीदें की जा सकती हैं। नई सरकार की प्राथमिकता विकास की आस लगाए बैठी जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना होना चाहिए।



संदीप शर्मा
चीफ एडीटर

अपने इलाके की जन समस्याओं के लिए आप हमसे दिए हुए नंबर पर संपर्क करें-9888200619, 9818884612

## पंजाब में अगले 2 दिन होगी भीषण गर्मी

लुधियाना / 17 अप्रैल/ यूटर्न: पंजाब में अगले दो दिन में भीषण गर्मी का कहर जारी रहेगा। तीन दिन पहले बादलों की आवाजाही से भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिली थी। शनिवार से गर्मी और तापमान फिर से बढ़ गया है। रविवार सुबह भी पंजाब के कई जिलों में मौसम ने आग उगलनी शुरू कर दी है। धूप के तेवर काफी तीखे हो गए। कई जिलों में सुबह ही पारा 23 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आज सीवियर लू चलेगी, जिससे दिन का पारा तेजी से ऊपर जाएगा। कई जिलो में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के ऊपर रहेगा। कल और परसों भी मौसम ऐसा ही रहेगा। 20 अप्रैल से मौसम बदलेगा। क्योंकि एक बार फिर से हिमाचल के ऊपरी इलाकों में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव हो रहा है। जिसका असर पंजाब पर भी होगा। नार्थ पंजाब में बारिश और तेज हवाएं चलने के आसार हैं। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती है। कई जिलों में गरज के साथ छींटे पड़ सकते हैं।

### जनरल कैटेगरी वेलफेयर फेडरेशन पंजाब सरकार से खफा

## मुफ्त बिजली मामले में आप की सरकार सख्ते में




लुधियाना/यूटर्न/ 17 अप्रैल। पंजाब में विधानसभा चुनाव के दौरान आम आदमी पार्टी ने जो प्रमुख गारंटी दी थी, उस पर अमल करते हुए मुफ्त बिजली देने का वादा पूरा कर दिया। जिसे लेकर जनरल कैटिगरी वेलफेयर फेडरेशन पंजाब ने सख्त जताया है। में फेडरेशन ने मुख्यमंत्री भगवंत मान से सवाल किया है कि मुफ्त बिजली के मामले में 300 यूनिट से ज्यादा खर्च होने पर जनरल कैटिगरी वाला बिल भुगतने की शर्त क्यों रखी गई है। जबकि दूसरे वर्ग को जनरल कैटेगरी से बेहतर सुविधाएं हर मामले में दी जा रही है। फेडरेशन ने यह सवाल भी उठाया है कि जब दूसरे वर्गों के लिए बने कमीशन कार्य कर रहे हैं तो जनरल कैटेगरी के लिए कमीशन को सक्रिय क्यों नहीं किया जाता है। यह सवाल उठाते हुए फेडरेशन ने जनरल कैटेगरी के लोगों से इन मुद्दों के खिलाफ एकजुट होने की अपील की है।

## थाना डिवीजन 3 की पुलिस ने निकाला पैदल मार्च

लुधियाना / यूटर्न / 17 अप्रैल। थाना डिवीजन नम्बर 3 की पुलिस की ओर से बाबा थान सिंह चौक, शिंगार रोड के अलावा थाने के अंतर्गत पड़ते इलाकों में पुलिस पैदल मार्च निकाला गया। अगुवाई कर रहीं महिला थाना डिवीजन 3 प्रभारी जसवीर कौर ने कहा कि इलाके में किसी भी प्रकार का अनैतिक कार्य चलने नही दिया जाएगा। अगर किसी के आस पास किसी भी प्रकार का गैरकानूनी कार्य चल रहा हो तो वह इसकी सूचना सम्बंधित थाने में अवश्य दें। सूचना देने वाले का नाम पता गुप्त रखा जाएगा। जसवीर कौर ने इलाका



निवासियों से कहा कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए हर समय उपलब्ध है। साथ ही जसवीर कौर ने दुकानदारों से अपील की की ट्रैफिक समस्या से निपटने के लिए दुकानदार सहयोग करें। दुकान पर आए कस्टमरों के वाहनों को सही जगह पार्किंग करवाएं ताकि आने जाने वाले लोगों को ट्रैफिक की समस्या से कोई परेशानी न आए।

## टास्क फोर्स ने किया बुडढे नाले का अचानक दौरा, डेयरियों और इलेक्ट्रोप्लेटिंग इकाइयों का गंदा पानी गिरने पर जताई चिंता

### सदगुरु उदय सिंह ने की सीटीपी मामले में ताजपुर डाइंग की सराहना, तो जमालपुर एसओ को दिये सुधार के संकेत

लुधियाना / यूटर्न / 17 अप्रैल। 650 करोड़ रूपये की लागत से बुड्ढा नाले की रूपरेखा बदलने के प्रोजेक्ट को लेकर बनी टास्क फोर्स कमेटी ने रविवार को अचानक प्रोजेक्ट दौरा किया। चेयरमैन सदगुरु उदय सिंह के नेतृत्व में टीम ने खांसी कलां से लेकर जमालपुर में बन रहे एसटीपी प्लांट के कार्य की भी जांच की वहीं कुछ दूरी तक दरिया के किनारे पैदल चलकर ताजा हालातों की जानकारी ली। उन्होंने मौके पर बुड्ढा दरिया में खुलेआम गिरने वाले गोबर, कूड़ा और जहरीला पानी को देख चिंता व्यक्त की। क्योंकि इसी को रोकने में सरकारें निरंतर नाकाम होता आई हैं। उन्होंने पिछले दिन ही शुरु हुए ताजपुर रोड पर डाइंग इंडस्ट्री के 50 एमएलडी के सीईटीपी प्लांट का भी दौरा किया। सीईटीपी के डायरेक्टरों बोबी जिंदल, अंकुर खन्ना, गुरप्रीत सिंह, अजय हांडा, बंटी कपूर, सतीश लखन पाल से मुलाकात करते हुए प्लांट के द्वारा ट्रीट हो रहे पानी का सैंपल भी देखा, जिसे देख कर प्लांट को सही दिशा में लगाए जाने पर पूरी एसोसिएशन के काम की सराहना की। इस दौरान उन्होंने ताजपुर डाइंग एसोसिएशन के प्लांट से निकलने वाले पानी का सैंपल दरिया में गिरने वाले प्वाइंट पर जाकर चैक करवाया, जहां पानी साफ गिरता पाया। सतगुरु उदय सिंह व मैंबर जसवंत जफर भी वहां मौजूद थे। मौके पर मौजूद निगम अधिकारियों को बताया कि जब तक डेयरियों का गोबर इसमें गिरने से बंद नहीं करवाया जाएगा और डेयरियां शिफ्ट होनीं होगी और इलेक्ट्रोप्लेटिंग यूनिटों का पानी दरिया में गिरने से रोका नहीं जाएगा तब तक दरिया पर लगाए जा रहे प्रोजेक्ट के सही रिजल्ट सामने नहीं आएंगे। जबकि सतलुज दरिया को जहरीला ये लगातार जहरीला करता रहेगा। जबकि कैंसर का सौदागर होने का नाम लुधियाना पर लगता आ रहा है। इस छवि को दूर करने के लिए सही दिशा में सही से काम करने की जरूरत है।





# पर्यावरण प्रेमियों ने आप विधायक मदन लाल बग्गा के घर के बाहर दिया धरना



लुधियाना / 17 अप्रैल/ यूटर्नः पब्लिक एक्शन कमेटी की अगुआई में रविवार को पर्यावरण प्रेमियों ने हलका नार्थ से आप विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा के घर के बाहर शांतमय तरीके से धरना दिया। सभी पर्यावरण प्रेमियों ने अपने हाथों में शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर बैनर लेकर पहुंच थे। सुबह 9.30 बजे से लेकर 10.30 बजे तक धरना दिया गया। विधायक बग्गा से मांग की गई कि शहर में जगह-जगह फैले कचरे को हटाने के लिए पुख्ता कदम उठाए जाए। वहीं उनके हलके में कमला लोहटिया कालेज के समक्ष लगने वाले डंप को पक्के तौर पर हटाया जाए। पर्यावरण प्रेमी कपिल अरोड़ा ने बताया कि उनके धरने का सिर्फ एक ही मकसद है कि विधायकों को बताया जाए कि कैसे निगम अफसर शहर को कचरे में बदलते जा रहे है। खाली प्लाट का इस्तेमाल इस समय कचरा फेंकने के लिए हो रहा है, वहां अब आरजी तौर पर डंप बन गए है। गौरतलब है कि शहर के कई इलाकों में जगह-जगह कचरा फैला हुआ है। इसके चलते लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# सेंट्रल जेल में चला सर्च आपरेशन, 21 मोबाइल, 10 चार्जर और नशा बरामद



लुधियाना / 17 अप्रैल/ यूटर्नः पुलिस ने लुधियाना सेंट्रल जेल से 21 मोबाइल , 20 चार्जर तथा तंबाकू की 55 पुड़ियां बरामद कीं। अब थाना डिवीजन नंबर 7 की ताजपुर चौकी पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज करके उनकी तलाश शुरू की है। चौकी इंचार्ज इकबाल सिंह ने बताया कि उक्त केस सहायक जेल सुपरिंटेंडेंट हरबंस सिंह की शिकायत पर दर्ज किया गया। पुलिस को भेजी रिपोर्ट में उन्होंने बताया कि सेंट्रल जेल में पुलिस व सीआरपीएफ की और से संयुक्त रूप से की गई सर्च के दौरान शुक्रवार बैरक नंबर 3 से 7 मोबाइल लावारिस हालत में पड़े मिले। शनिवार को बैरक नंबर बी-4 में की गई सर्च में 14 मोबाइल फोन लावारिस हालत में पड़े मिले। इसके अलावा जेल की बाहरी दीवार के पास पुलिस ने एक पैकेट बरामद किया। जिसे बाहर से फेंका गया था। खोल कर चेक करने पर उसमें से 55 पुड़ियां तंबाकू बरामद हुआ। जेल के अंदर से एक जगह पुलिस की टीम ने मोबाइल के 10 चार्जर बरामद किए।

# श्रद्धाभावना के साथ मनाया गया श्री बालाजी महाराज का जन्मोत्सव

## भगवान को लगाए छप्पन भोग व् सवा मनी का भोग



लुधियाना / 17 अप्रैल/ यूटर्नः सिद्व पीठ महाबली संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर शंकराचार्य नगर(हैबोवाल कलां)जोशी नगर में श्री बालाजी महाराज का जन्मोत्सव हर्षोउल्लास व् श्रद्धाभावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूर्ण मंदिर के सभी दरबारों का भव्य श्रृंगार किया गया। जन्मोत्सव का आयोजन मंदिर प्रधान अमन जैन की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर प्रातः मंदिर में श्री बालाजी महाराज जी की चांदी प्रतिमा का पंचामृत स्नान करवाया गया व् उपरान्त राजेश कुमार परिवार (पटियाला )की तरफ से हवन यज्ञ करवाया गया जिसमें मंदिर के समस्त अधिकारी, पदाधिकारियों व् भक्तों द्वारा विश्व कल्याण हेतु सम्पूर्ण आहुतियाँ डाली। इस अवसर पर प्रधान अमन जैन व् सेवक अनुज मदान ने कहा कि हमारे प्रेरणा स्तोत्र प्रधान स्व. अशोक जैन जी का एक ही उद्देश्य था हर हर बालाजी,घर-घर बालाजी और अपने इस उद्देश्य को उन्होंने पूर्ण रूप से साकार भी किया और उनकी यह भी इच्छा थी कि सनातन धर्म के प्रचार के लिए पुरे भारत वर्ष में श्री बालाजी महाराज जी की चौंकी के माध्यम से सनातन धर्म का प्रचार किया जा रहा है उसमें श्री बालाजी महाराज जी की प्रतिमा स्वरूप चांदी का हो जोकि आज सम्पूर्ण हुआ है और लुधियाना के बांसल परिवार द्वारा चौंकी के लिए चांदी की प्रतिमा दी गई है इसके अतिरिक्त अविनाश पोदार,पायलट,साहिल अग्रवाल परिवार द्वारा सवा मनी,छप्पन भोग की सेवा की गई व् सुबह भंडारे की सेवा की सेवा का सौभाग्य गुप्ता परिवार, बांसल परिवार को प्राप्त हुआ।

श्रद्धांजलि सभा



With profound grief & sorrow we inform
the sad demise of our beloved
**Smt. Usha Thapar**
**(W/o Sh. Karan Thapar)**
who left for her heavenly abode on **8th April 2022**

**Bhog & Rasam Pagri** for the peace of the departed soul
will be held on **Monday, 18th April 2022**
at **Shri Nav Durga Mandir,**
**Sarabha Nagar, Ludhiana** from **2 PM to 3 PM.**

GRIEF STRICKEN
**JAWAHAR LAL SELLY**
**BHARAT SELLY**
**BEST ENGG. WORKS, BATALA**



लुधियाना / 17 अप्रैल/ यूटर्नः राज्य में दो दिन तक भीषण गर्मी का कहर जारी रहेगा। तीन दिन पहले बादलों की आवाजाही से भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिली थी। शनिवार से गर्मी और तापमान फिर से बढ़ गया है। रविवार सुबह भी पंजाब के कई जिलों में मौसम ने आग उगलनी शुरू कर दी है। धूप के तेवर काफी तीखे हो गए। कई जिलों में सुबह ही पारा 23 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया।
-फोटोः मुनीश वशिष्ठ

# आग लगने से दो मवेशियों की मौत

घरोटा / 17 अप्रैल/ यूटर्नः गुलपुर चक्की खाल दरिया के घरोटा पुल के समीप एक कुली को आग अचानक आग लगने से एक गाय समेत 3 मवेशी बुरी तरह झुलस गए, जिनमें से दो की मौत हो गई। वहीं आग को बुझाते हुए किसान भी झुलस गया। आग इतनी तेज थी कि यदि मौके पर काबू न पाया जाता तो निकटवर्ती गेहूं की सैकड़ों एकड़ फसल लपेट में आ जाती। किसान दिलजीत सिंह पुत्र संसार सिंह ने बताया कि उसने खेतों में पशुओं के लिए कच्ची कुली निर्मित की हुई थी। जैसे ही वह कुली से बाहर निकला, अचानक कुली को आग लग गई।

# लोधी क्लब में होने वाली एजीएम 2 सप्ताह के लिए हुआ स्थगित

लुधियाना / 17 अप्रैल/ यूटर्नः शहर के रसूखदारों के क्लब लोधी क्लब की एनुअल जनरल बैठक दो सप्ताह के लिए स्थगित कर दी गई है। पहले यह 19 अप्रैल को होनी थी। अब एजीएम 3 मई को तय की गई है। ज्ञात हो कि हाल ही में जिले




का कार्यभार नवनियुक्त डिप्टी कमिश्नर सुरभि मलिक ने संभाला है। ऐसे में क्लब के कामकाज से वाकिफ होकर ही वह अगले दो सप्ताह बाद एजीएम का हिस्सा बनेंगी, ताकि क्लब की समस्याओं को समझकर वे एजीएम के दौरान इनका हल कर सकें। इस दौरान क्लब की एग्जीक्यूटिव टीम क्लब का पिछले एक साल का लेखा जोखा प्रस्तुत करेगी। इसके लिए क्लब प्रबंधन की ओर से तीन हजार सदस्यों को सूचना भेज दी गई है। इसके साथ ही एजीएम के दौरान सदस्यों के मुद्दों को हल करने के लिए उनके सुझाव भी क्लब प्रबंधन की ओर से आमंत्रित किए गए हैं।

# धार्मिक प्रवृति की महिला थीं स्व. ऊषा थापर,रसम पगड़ी सोमवार

लुधियाना / 17 अप्रैल/ यूटर्नः थापर डेवलपर्स के मैनेजिंग डायरेक्टर करन थापर की धर्मपत्नी स्व. ऊषा थापर एक धार्मिक प्रवृति की महिला थीं। वह अपने प्रभु भक्ति में लीन रहती। उन्होंने अपने दोनों सुपुत्रों गौतम थापर व सुमित



थापर को हमेशा धर्म के रास्ते पर चलने की सीख दी। गौतम थापर व सुमित थापर अपनी माता के दिखाए रास्ते पर चलते हुए आज औद्योगिक, धार्मिक व सामाजिक क्षेत्र बड़ा नाम कमा चुके है। स्व. ऊषा थापर के निमित रखे गए श्री गरूड़ पुराण के पाठ का भोग एवं रस्म पगड़ी सोमवार को सराभा नगर स्थित नवदुर्गा मंदिर में दोपहर 2 से 3 बजे तक होगी। स्व. ऊषा थापर का जन्म 10 जुलाई 1950 को माछीवाड़ा के पांधी परिवार में हुआ था। उन्होंने 12वीं तक की शिक्षा माछीवाड़ा के स्कूल से ही प्राप्त की। जबकि ग्रेजुएशन खन्ना के कॉलेज से की। 1970 में उनका विवाह करन थापर से हो गया। करन थापर भी औद्योगिक क्षेत्र में मिली कामयाबी का पूरा श्रेय स्व. ऊषा थापर को देते है। उनका कहना है कि उनकी धर्मपत्नी ने संकट की स्थिति में हमेशा उन्हें उत्साहित किया।

## जन्मदिन मुबारक



बंटी



साक्षम भगत



साक्षम भगत

PUBLISH YOUR
Birthday Photograph
& GET A CHANCE TO WIN BIRTHDAY CAKE WORTH RS. 800 EACH
1 FOR YOUNGEST & 1 FOR OLDEST
*T&C
Hot Breads
0161-4603333, 5012222
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
groupkindia@gmail.com, hetaishinews@gmail.com

ADVERTISEMENT
जन्मदिन/सालगिरा/शोक समाचार प्री
रस्म किरिया/श्रद्धांजलि ₹2000
क्लासिफाइड डिस्पले ₹500 – 3
M: 98142-95372

# जी टैक्स यार्न ने एनुअल डीलर मीट में शोकेस की यार्न कलेक्शन







लुधियाना / यूटर्न / 17 अप्रैल। गोयल पेट्रोफिल्स यार्न्स प्राइवेट लिमिटेड (जी टैक्स) द्वारा फिरोजपुर रोड स्थित विश बारबेक्यू में प्रदर्शनी तथा एनुअल डीलर मीट का आयोजन किया गया, जिसमें पूरे भारत से अलग अलग राज्यो के डीलर ने हिस्सा लिया।

इस दौरान जी टैक्स के एम डी द्वारा सभी का स्वागत किया गया। इस मौके पर अलग अलग प्रोडक्ट्स लॉन्च किए गए जिसने विशेष तौर पर हाथ से बुने जाने वाले वूलन के प्रोडक्ट्स लॉन्च किए गए। कंपनी के एम डी रितेश गोयल ने बताया कि उनके द्वारा हर साल इस मीट का आयोजन किया जाता है जिसमे नए प्रोडक्ट लॉन्च करने के साथ डीलर्स को भी सम्मानित किया जाता है, इस मौके पर उनके साथ कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर चेतन्य शर्मा, अनिल गोयल भी मौजूद रहे।

–फोटोः मुनीश वशिष्ठ

# एचडीएफसी बैंक को 10 हजार करोड़ का नेट प्रॉफिट हुआ




मुंबई / यूटर्न / 17 अप्रैल। देश के सबसे बड़े प्राइवेट बैंक HDFC बैंक का स्टैंडएलोन प्रॉफिट पिछले वित्त वर्ष 2021-22 की अंतिम तिमाही जनवरी-मार्च में 22.8% बढ़ा। इस उछाल के साथ बैंक का प्रॉफिट मार्च 2022 तिमाही में 10,055.2 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। उसके पिछले वित्त वर्ष 2020-21 में बैंक को समान तिमाही में 8,186.50 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था। बैंक ने रेगुलेटरी फाइलिंग में यह जानकारी दी है। फाइलिंग के मुताबिक मार्च 2022 तिमाही में 2,989.5 करोड़ रुपए का टैक्स चुकाने के बाद बैंक को करीब 10 हजार करोड़ रुपए का नेट प्रॉफिट हुआ।जनवरी-मार्च 2022 में बैंक को कुल 41,085.78 करोड़ रुपए की आय हुई जबकि पिछले साल की समान तिमाही में बैंक को 38,017.50 करोड़ रुपए की आय हुई थी। नेट रेवेन्यू (नेट इंटेरेस्ट इनकम और अन्य आय) भी 7.3% बढ़कर 26,509.80 करोड़ रुपए हो गया जबकि पिछले साल की समान तिमाही जनवरी-मार्च 2021 में ये 24,714.10 करोड़ रुपए था। नेट एनपीए (बैड लोन्स) नेट एडवांसेज 0.32% रहा।

# 5% के टैक्स स्लैब को खत्म कर सकती है काउंसिल

## इन प्रोडक्ट्स को 3 और 8% के नए स्लैब में डाला जा सकता है




नई दिल्ली / यूटर्न / 17 अप्रैल। जीएसटी काउंसिल अगले महीने अपनी बैठक में 5% के टैक्स स्लैब को हटा सकती है। इस स्लैब को हटाकर ज्यादा खपत वाले प्रोडक्ट को 3% और बाकी को 8% के नए स्लैब में डाला जा सकता है। केंद्र सरकार इसके जरिए राज्यों के रेवेन्यू में बढ़ोतरी करना चाहती है ताकि उन्हें कंपनसेशन के लिए केंद्र पर निर्भर न रहना पड़े। सूत्रों के हवाले से ये जानकारी सामने आई है। फिलहाल GST में 5, 12, 18 और 28% के चार स्लैब हैं। हालांकि, गोल्ड और गोल्ड ज्वेलरी पर 3% टैक्स लगता है। कुछ अनब्रांडेड और अनपैक्ड प्रोडक्ट ऐसे भी है जिनपर GST नहीं लगता। सूत्रों ने कहा कि रेवेन्यू बढ़ाने के लिए काउंसिल कुछ नॉन-फूड आइटम्स को 3% स्लैब में लाकर छूट प्राप्त वस्तुओं की लिस्ट में कटौती का फैसला कर सकती है। 5% वाले स्लैब को खत्म कर इसे 7, 8 या 9% किया जा सकता है। कैल्कुलेशन के अनुसार, 5% स्लैब में प्रत्येक 1% की बढ़ोतरी (जिसमें मुख्य रूप से पैकेज्ड फूड आइटम शामिल हैं) से मोटे तौर पर सालाना 50,000 करोड़ रुपए का एडिशनल रेवेन्यू मिलेगा। काउंसिल कई विकल्पों पर विचार कर रही है, लेकिन माना जा रहा है कि वह अधिकांश वस्तुओं के लिए 8% GST पर सहमति बनने की उम्मीद है। फिलहाल इन प्रोडक्ट पर GST रेट 5% है। पिछले साल काउंसिल ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई की अध्यक्षता में स्टेट मिनिस्टर्स की एक कमेटी गठित की थी। इसका काम टैक्स रेट को तर्कसंगत बनाकर और टैक्स स्ट्रक्चर में विसंगतियों को दूर करके राजस्व बढ़ाने के तरीके सुलझाना था। मंत्रियों का समूह अगले महीने की शुरुआत में अपनी सिफारिशें दे सकता है। GST काउंसिल की अगली बैठक मई के मध्य में हो सकती है।

# अलायंस एयर ने शुरू की अलग उड़ान



नई दिल्ली / यूटर्न / 17 अप्रैल। कोरोना के मामलों में कमी आने के साथ ही विमानन क्षेत्र उबरने लगा है। इसका संकेत एयर इंडिया द्वारा अपने कर्मचारियों का वेतन चरणबद्ध तरीके से महामारी पूर्व के स्तर पर बहाल करने से मिलता है। बता दें कि महामारी के कारण लागू पाबंदियों के चलते भारतीय विमानन क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुआ था। एयर इंडिया द्वारा मंगलवार को जारी किए गए दस्तावेज के मुताबिक कंपनी ने महामारी शुरू होने के बाद पायलटों के उड़ान भत्ते, विशेष वेतन और वाइड बाडी भत्ते में क्रमशः 35 प्रतिशत, 40 प्रतिशत और 40 प्रतिशत की कटौती की थी। दस्तावेज के मुताबिक इस साल एक अप्रैल से इन तीनों भत्तों को 20 प्रतिशत, 25 प्रतिशत और 25 प्रतिशत बहाल किया जा रहा है। महामारी के दौरान केबिन क्रू सदस्यों के उड़ान भत्ते और वाइड बाडी भत्ते में क्रमशः 15 और 20 प्रतिशत की कटौती की गई थी। इन दोनों भत्तों को एक अप्रैल से क्रमशः 10 प्रतिशत और पांच प्रतिशत बहाल किया जा रहा है। और अन्य स्टाफ सदस्यों को दिए जाने वाले भत्तों में क्रमशः 50 प्रतिशत और 30 प्रतिशत की कटौती की गई थी। अब अधिकारियों के भत्तों को एक अप्रैल से 25 प्रतिशत बहाल किया जा रहा है। वहीं अन्य स्टाफ सदस्यों के भत्तों को महामारी से पूर्व के स्तर पर लाया जा रहा है। विदेश में तैनात भारतीय कर्मचारियों को दिए जाने वाले सकल वेतन में 10 प्रतिशत या अधिकतम 300 डालर की कटौती की गई थी। अब इसे पांच प्रतिशत या अधिकतम 150 डालर तक बहाल किया जा रहा है। दूसरी तरफ एयर इंडिया के टेटे संस के हाथ में जाने से इसकी सहायक इकाई रही अलायंस एयर ने अब अपनी यात्री सेवा प्रणाली (पीएसएस) का स्वतंत्र परिचालन शुरू कर दिया है।

कंपनी सीधे केंद्र के नियंत्रण में संचालित हो रही है। विमानन कंपनी एलायंस एयर ने एक बयान में कहा कि टिकटों के आरक्षण एवं उड़ानों के कार्यक्रम तय करने से जुड़ी प्रणाली शुक्रवार से उसके अपने क्लाउड-आधारित पीएसएस पर स्थानांतरित हो गई है।

# पीयूष गोयल बोले, जेनेरिक दवाओं में आत्मनिर्भर बने उद्योग




नई दिल्ली / यूटर्न / 17 अप्रैल। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने घरेलू फार्मा उद्योग से जेनेरिक दवाओं में मजबूत बनने और कच्चे माल व उत्पादन के बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित करने को कहा है। गोयल ने इंडियन ड्रग मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन (आइडीएमए) के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित करते हुए शुक्रवार को कहा कि फार्मा उद्योग को ग्लोबल सप्लाई चेन से जुड़ी चुनौतियों का सामना करने के लिए एक दीर्घकालिक योजना बनानी चाहिए। इस क्षेत्र में पिछले एक दशक के दौरान आई तेजी को बरकरार रखने का मंत्र देते हुए गोयल का कहना था कि फार्मा सेक्टर में आत्मनिर्भर बनने के लिए यह जरूरी हो गया है। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि ग्लोबल सप्लाई चेन के बारे में पूर्वानुमान लगाना लगातार बेहद चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है। ऐसे में यह जरूरी है कि हम न सिर्फ जेनेरिक दवाओं के क्षेत्र में अपनी मजबूती पर ध्यान दें, बल्कि कच्चे माल एवं उत्पादन के बीच तालमेल भी बनाए रखें। गोयल के अनुसार देश को लंबी अवधि में आत्मनिर्भर बनने की योजना पर काम करना होगा। ऐसा होने पर ही हम दुनिया के सामने ताकतवर देश के विश्वास के साथ जाएंगे और अपने उद्योग के बेहतर भविष्य के लिए दुनिया के साथ समान शर्तों पर काम करेंगे।

# जेट फ्यूल की कीमतों में इस साल लगातार 8वीं बढ़ोतरी

नई दिल्ली / यूटर्न / 16 अप्रैल। जेट फ्यूल की कीमतों में 0.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। यह इस साल लगातार आठवीं वृद्धि है। मौजूदा समय में जेट फ्यूल अभी तक की अपनी सबसे ज्यादा कीमतों पर बिक रहा है। इसका बड़ा कारण वैश्विक ऊर्जा कीमतों में उछाल आना है। बता दें कि एटीएफ, हवाई जहाजों में इस्तेमाल होता है। इसी से हवाई जहाज उड़ान भरते हैं। सरकारी ईंधन खुदरा विक्रेताओं की मूल्य अधिसूचना के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमत 277.5 रुपये प्रति किलोलीटर या 0.2 प्रतिशत बढ़ाकर 1,13,202.33 रुपये प्रति किलोलीटर (113.2 रुपये प्रति लीटर) कर दी गई है। वहीं, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में रिकॉर्ड 10 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी के बाद लगातार 10वें दिन कोई बदलाव नहीं हुआ। इससे पहले 22 मार्च से लेकर 16 दिनों के दौरान कई बार में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 10 रुपये प्रति लीटर का इजाफा किया गया था। गौरतलब है कि जेट फ्यूल की कीमतों को हर महीने की पहली और 16 तारीख को संशोधित किया जाता है जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार कीमतों के आधार पर पेट्रोल और डीजल की दरों को दैनिक रूप से संशोधित किया जाता है।

# सरकार ने बदले फेमा नियम, एलआईसी में विदेशी निवेश के लिए खुले रास्ते




नई दिल्ली / यूटर्न / 16 अप्रैल। सरकार ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) नियमों में संशोधन किया है। इससे बीमा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी जीवन बीमा निगम (एलआईसी) में 20 प्रतिशत तक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का खुल गया है। सरकार आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये एलआईसी में अपनी हिस्सेदारी कम करने की योजना बना रही है।

एलआईसी ने फरवरी में आईपीओ के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास दस्तावेज (डीआरएचपी) जमा कराए थे. पिछले महीने सेबी ने दस्तावेजों के मसौदे को मंजूरी दे दी और अब बीमा कंपनी बदलावों के साथ अनुरोध प्रस्ताव (आरएफपी) दाखिल करने की प्रक्रिया में है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने एलआईसी के 'बड़े' सार्वजनिक निर्गम से पहले कंपनी में विदेशी निवेश लाने के लिए 14 मार्च को प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नियमों में संशोधन किया था। एफडीआई नीति में बदलाव के साथ डीपीआईआईटी के प्रावधानों को लागू करने के लिए फेमा अधिसूचना जरूरी थी। हाल में जारी गजट अधिसूचना में कहा गया है कि इन नियमों को विदेशी मुद्रा प्रबंधन (गैर-ऋण साधन) (संशोधन) नियम, 2022 कहा जा सकता है। अधिसूचना के जरिये मौजूदा नीति में एक परिच्छेद (पैराग्राफ) डाला गया है, जिसमें एलआईसी में स्वतः मंजूर मार्ग से 20 प्रतिशत तक एफडीआई की अनुमति है। मौजूदा एफडीआई नीति के तहत मंजूरी मार्ग से सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में 20 प्रतिशत विदेशी निवेश की अनुमति है।

ऐसे में एलआईसी और इसी तरह की अन्य कॉरपोरेट इकाइयों में 20 प्रतिशत विदेशी निवेश की अनुमति देने का फैसला किया गया। इसमें कहा गया है कि एलआईसी में विदेशी निवेश जीवन बीमा निगम अधिनियम, 1956 (एलआईसी कानून) के प्रावधानों और बीमा कानून, 1938 के ऐसे प्रावधानों के जरिये आ सकता है जो एलआईसी पर लागू होंगे। इनमें समय-समय पर संशोधन होता है।

# क्लियो अस्पताल में मनाया स्थापना दिवस, जिंदगी की जंग जीतने वाली महिलाएं सम्मानित



लुधियाना / 17 अप्रैल/ यूटर्नः बाड़ेवाल रोड स्थित सीएलआइओ (क्लियो) अस्पताल में उन महिलाओं को सम्मानित किया गया जो आइसीयू या वेंटिलेटर पर रहने के बावजूद जिंदगी की जंग जीत चुकी हैं। मौका था क्लियो के पहले स्थापना दिवस का। आयोजकों के मुताबिक इन सभी को दूसरे अस्पतालों ने जवाब दे दिया था, मगर यहां आकर इन्होंने बहादुरी से लड़ाई लड़ते हुए अपनी जिंदगी की जंग जीतने में कामयाबी हासिल की। कार्यक्रम के दौरान कई महिलाओं ने अपने अनुभव भी साझा किए। स्टाफ के सदस्यों ने गिद्धा तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ स्किट पेशकर लड़कियों के प्रति नजरिया बदलने के लिए लोगों को प्रेरित किया। सीएलआइओ की महिला रोग विशेषज्ञ डा. वीनस बांसल, डा. जसप्रीत कौर, शिशु रोग विशेषज्ञ डा. विकास बांसल, डा. महक बांसल, डा. नितिन गुप्ता, पीडियाट्रिक्स न्यूरोलाजिस्ट डा. गुरप्रीत कोचर, पीडियाट्रिक्स ओंकोलाजिस्ट डा. प्रियंका गुप्ता व पीडियाट्रिक्स सर्जन डा. आरजे सिंह ने बताया कि आज यहां बुलाए गए ज्यादातर मरीज ग्रामीण क्षेत्रों से संबंधित हैं। इन लोगों को अपनी बीमारियों की वजह से कई-कई दिन आइसीयू और वेंटिलेटर पर गुजारने पड़े। कई तो दो-तीन महीने तक अस्पताल में रहे हैं। इनमें से कइयों को गर्भावस्था के दौरान काफी कांप्लिकेशंस आई थीं। -फोटोः विशाल ढल्ल

# धूमधाम से मनाया गया बालाजी का जन्मदिन



● समारोह का आनंद लेते श्रद्धालु व बाबा संत राम जिंदल।

अशोक भारती लुधियाना

लुधियाना / 17 अप्रैल/ यूटर्नः श्री बाला जी सेवा संघ, श्री बाला जी सेवा परिवार व श्री इच्छापूर्ण बाला जी गंगाधाम चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संयुक्त रूप से मेहंदीपुर धाम के बालाजी महाराज के जन्मदिन के उपलक्ष पर बालाजी की चौकी का आयोजन शास्त्री नगर जंज घर में श्रद्धापूर्वक बाबा संत राम जिंदल जी की अध्यक्षता में किया गया। सर्वप्रथम बाबा संत राम जिंदल ने बालाजी महाराज का आशीर्वाद लेने के उपरांत बालाजी महाराज को माल्यार्पण की वह ज्योति प्रचंड कर चौकी का शुभारंभ किया। आज बाला जी के फूल बंगले की सेवा अनिल जैन,अमित जैन ब विनय जैन द्वारा की गई। बालाजी महाराज का दरबार सजाने के लिए विशेष रूप से बंगाली कारीगरों ने सहयोग दिया जिसकी शोभा निराली थी, जिसमें बालाजी महाराज विराजमान थे आज की चौकी में मैं सारी दुनिया छोड़ के तेरे, छम छम नाचे वीर हनुमानाՙ भजनों द्वारा भजन गायक सुनील रावत एंड पार्टी ने अपने सुंदर भजनों द्वारा संगत को नाचने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर श्री इच्छापूर्ण बाला जी सेवा परिवार मंडी गोबिंदगढ़ के प्रधान राकेश सिंगला, इच्छापूर्ण बाला जी सेवा ट्रस्ट के प्रधान संजीव खुराना, बाला जी धाम जालंधर के प्रधान एडवोकेट संदीप थापर, भाजपा नेता बॉबी जिंदल, बृजमोहन जिंदल व अन्य सदस्यों ने भजन गायक सुनील रावत के श्री मेहंदीपुर बाला जी महाराज के पावन भजनों का संपूर्ण आनंद लिया। सुनील रावत की ओर से बालाजी आ जाओ, कारोबार मेरा चलावे बालाजी, हम आपके हैं बालक हम पर कृपा करो , बाला जी तेरा सहारा है, बाला जी रहो संग हमारे, आदि भजनों पर श्रद्धालु मस्ती में झूमते रहे। बाबा संत राम जिंदल ने उपस्थित श्रद्धालुओं को बालाजी महाराज के जन्मदिन की बधाई दी और सभी की तंदुरुस्ती की बालाजी महाराज से कामना की, तथा कहा कि जो भक्त बाला जी की पूजा सच्चे भाव से करता है, बाबा उसे किसी भी प्रकार का कष्ट नहीं आने देते।

साथ ही उन्होंने कहा कि जो अपने माता पिता की सदैव सेवा करता है और उनकी आज्ञा का पालन करता है भगवान बालाजी महाराज उसके सभी प्रकार के कष्टों को हर लेते है और जीव को सुख समृद्धि युक्त जीवन देते है। समीर गुप्ता,सनी बंसल, सुरिंदर बांसल, राजिंद्र नोहरिया ने बालाजी महाराज को छप्पन भोग व लंगर का प्रसाद अर्पण किया व मुखय मेहमानों, ट्रस्टियों, सदस्यों व संगत को वितरित किया गया। इस दौरान मेहंदीपुर से पवित्र पावन जल के छीटें की वर्षा भक्तों पर की गई। इस अवसर पर संघ के सदस्यों अरुण गुप्ता, सौरभ सिंघानिया, वरुण अग्रवाल, संजीव खुराना, सचिन अग्रवाल, रोहित गुप्ता, दीपक बुलारा, केशव जिंदल, जयदीप, पवन गुप्ता, मनोज अग्रवाल, करण जिंदल व रजत जिंदल ने आई हुई संगत को प्रसाद व लंगर वितरित किया।

# श्री पौणाहारी क्लब की तरफ से बाबा बालक नाथ जी की चौकी का आयोजन



लुधियाना / 17 अप्रैल/ यूटर्नः लुधियाना में प्राचीन संगला वाला शिवाला में श्री पौणाहारी क्लब की तरफ से बाबा बालक नाथ जी की चौकी का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता महंत नारायण पूरी, महंत दिनेश पूरी ने की। क्लब के सेवादारों ने पूजन कराया। इस दौरान जालंधर से राजा मुन्ना एंड पार्टी ने बाबा जी का गुणगान किया।महंत नारायण पुरी ने बावा जी की महिमा का गुणगान कर उनके जीवनी से अवगत कराया। इस अवसर पर मुख्य मेहमानों में योगी भास्कर नाथ, विधायक अशोक पराशर पप्पी, पूर्व विधायक सुरिंदर डाबर, भाजपा नेता जीवन गुप्ता, जिलाध्यक्ष भाजपा पुष्पिंदर सिगल, प्रवीण बांसल, विजय दानव, राजीव टंडन, गोरा थापर, कांतेंदु शर्मा पार्षद चौधरी यशपाल, अजय नैयर आदि पहुंचे। अतिथियों का स्वागत क्लब के मुख्य सेवादार शशि कक्कड़, मनोज मित्तल आदि सदस्यों ने किया। इस अवसर पर शशि कक्कड़ सहित मनोज, लवी जैरथ, राकेश चौधरी, संजय गुप्ता, कीमती लाल जैन, कैलाश कपूर, सौरव वर्मा, पंकज शारदा, तरुण गोयल, सुमित कुमार, संजीव वर्मा शाम लाल सूरी, साहिल आदि शामिल थे।

# कचरे में आग लगने से लोगों को झेलनी पड़ रही है परेशानीः पुष्पेंदर सिंगल



लुधियाना / 17 अप्रैल/ यूटर्नः भाजपा लुधियाना के जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंगल ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करके बताया की नगर निगम शहर से इकठा कूड़े को रीसायकल करने में नाकाम रहा है पिछली सरकार ने अपनी पसंदीदा कम्पनी को फायदा देने चक्कर में पिछली कम्पनी को भगा दिया था। भाजपा जिला अध्यक्ष पुष्पेंदर सिंगल ने कहा की नगर निगम की इस हरकत ने शहरवासियों की जिंदगी को भी खतरे में डाल दिया है उन्होंने कहा की नगर निगम की और से जमालपुर में संचालित किये जा रहे गारबेज डंप में आग लगी हुयी है निगम की तरफ से शहर से प्रतिदिन निकलने वाले लगभग 12 सौ टन कचरे को ताजपुर रोड स्थित डंप पर रखा जाता है। बीते दो साल से यहां पर कचरा प्रोसेसिग प्लांट ठप पड़ा है। भाजपा जिला अध्यक्ष पुष्पेंदर सिंगल ने कहा की लगातार लगी हुई आग से कई तरह की भयानक गैसें निकल रही। इस समय भी कचरा सुलग रहा है। कचरे को आग लगने के कारण आसपास के एरिया में धुएं का गुबार बन गया है। इससे लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। मौजूदा सरकार और विधायक भी केवल छापे मारकर अखबारों की सुर्खियां बटोरने तक सीमित है पर नगर निगम की लापरवाही पर पूरी तरह से चुप हैं।

# रेशम सिंह बने पनबस पीआरटीसी कांट्रैक्ट वर्कर यूनियन के प्रधान

लुधियाना / 17 अप्रैल / यूटर्नः पनबस पीआरटीसी कांट्रैक्ट वर्कर यूनियन पंजाब की प्रदेश स्तरीय बैठक देशभक्त यादगारी हाल में हुई। इसमें प्रदेश कमेटी का चुनाव आल इंडिया ट्रांसपोर्ट फैडरेशन के उपप्रधान चंद्रशेखर और सीटू पंजाब प्रधान महा सिंह रोड़ी की देखरेख में किया गया। इसमें पनबस पीआरटीसी के सभी डिपो कमेटियों ने भाग लिया और सर्वसम्मति से रेशम सिंह गिल को प्रदेश प्रधान और शमशेर सिंह ढिल्लों को महासचिव चुना।

इस दौरान उपप्रधान बलजीत सिंह और कोषाध्यक्ष बलजिदर सिंह को चुना गया। इस दौरान टीम के चयन पर सबने सहमति दी और इस दौरान कर्मचारियों को काम के दौरान आ रही समस्याओं को लेकर चर्चा की गई।इस दौरान संगठन की ओर से सरकार को चेतावनी दी गई कि अगर उनकी समस्याओं का हल न किया गया तो संघर्ष को तेज किया जाएगा। इसमें कर्मचारियों को पक्का करना, नाजायज ट्रांसपोर्ट माफिया पर कार्रवाई की मांग की गई। इस दौरान बलजीत सिंह, परमजीत सिंह, जलोर सिंह, हरकेश कुमार, गुरप्रीत सिंह, जगतार सिंह, शिव कुमार, बलविदर सिंह राठ, दलजीत सिंह, प्रदीप कुमार, जसवीर सिंह, सतनाम सिंह, गुरप्रीत सिंह, जतिदर सिंह, हीरा सिंह, केवल सिंह, सतनाम सिंह, तरसेम सिंह, रमनदीप सिंह मौजूद थे।

# गांधी ब्रदर्स की दुकान से एक करोड़ का दूसरा ईनाम बेचा गया



लुधियाना / 17 अप्रैल/ यूटर्नः लुधियाना में निकाली गई पंजाब स्टेट बैसाखी बंपर लॉटरी का पुरस्कार प्रथम पुरस्कार संख्या बी528780 2.5 करोड़ रुपए है। वहीं लुधियाना को दूसरा पुरस्कार मिला। इसके अलावा और भी कई लाख रुपये के इनाम निकाले जा चुके हैं। इस मौके पर बोलते हुए पंजाब सरकार के लॉटरी अधिकारी ने कहा कि लोगों की मौजूदगी में इनाम निकाला गया है। वहीं लुधियाना में गांधी ब्रदर्स की दुकान से एक करोड़ का दूसरा ईनाम बेचा गया। उन्होंने कहा, 'लोगों को अपनी किस्मत आजमानी चाहिए।

# अमरपुरा की तरफ से 26वां विशाल भगवती जागरण करवाया गया



लुधियाना / 17 अप्रैल / यूटर्नः लुधियाना में माँ भगवती सेवा सोसायटी, अमरपुरा की तरफ से 26वा विशाल भगवती जागरण करवाया गया।जिसमे महामाई का सुंदर दरबार सजाया गया जो की देखने योग्य था।

माँ की पवित्र ज्योति ज्वाला जी से लाई गई। विशेष रूप से हनी हुसैन एंड पार्टी एवम् मनी लाडला एंड पार्टी द्वारा महामाई का गुणगान किया गया। विशेष रूप से आम आदमी पार्टी से हल्का सेंट्रल अशोक पराशर पप्पी महामाई का आशीर्वाद लेने के लिए पहुंचे। महामाई के परम सेवक एडवोकेट जतिंदर खुराना ने बताया कि सोसायटी के द्वारा हर साल जागरण करवाया जाता है ताकि आज कल कि नौजवान पीढ़ी को धर्म के साथ जोड़ा जा सके। आगे भी इस तरह के जागरण और धार्मिक कार्यक्रम करवाए जायेंगे।

# वाल्मीकि सेवक संघ ने डा.भीम राव अम्बेडकर के 131वें जन्म दिवस पर निकाली स्वाभिमान यात्रा



लुधियाना / 17 अप्रैल/ यूटर्न: रैली में मुख्य अतिथि के रूप में चेयरमैन अनुसूचित जाति भारत सरकार के विजय सांपला ने की शिरकत लुधियाना में वाल्मीकि सेवक संघ(रजि:)वी एस एस की ओर से संगठन के चेयरमैन वीर बबलू अनार्य और अध्यक्ष वीर विक्की सहोता की अगुवाई में संविधान निर्माता, भारत रत्न, नारी रक्षक, युग पुरुष व आज़ाद भारत के प्रथम कानून मंत्री बाबा साहेब डा.भीम राव अम्बेडकर जी के 131वे जन्म दिवस के उपलक्ष्य में विशाल स्वाभिमान यात्रा निकाली गई। जिसमें स्कूटर, मोटरसाइकिल और सेंकड़ों कारों का काफिला शामिल हुआ। यह रैली इस्लाम गंज नज़दीक सिविल अस्पताल रोड से शुरु होकर फील्ड गंज, जगराओं पुल, भारत नगर चौंक से होते हुए डिप्टी कमिश्नर ऑफिस लुधियाना में साथित बाबा साहेब डा. भीम राव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्प भेंट कर सम्पन हुई। इस रैली में मुख्य अतिथि माननीय श्री विजय सांपला चेयरमैन अनुसूचित जाति भारत सरकार, विशेष अतिथि विधायक अशोक पराशर पप्पी, गुरदेव शर्मा देबी केशियर भाजपा पंजाब, पुष्पिंदर सिंगल जिला अध्यक्ष भाजपा, पंकज शारदा प्रमुख भगवान परशुराम सेवक संघ, हर्ष शर्मा आदि शमिल हुए। विजय सांपला ने कहा कि वी एस एस जो समाज के हितों के लिए कार्य कर रही है वह साहरणीय है। गत दिनों जो मुझे वी एस एस के अध्यक्ष विक्की सहोता की से से नगर निगम लुधियाना में हो रही सफाई कर्मियों की लूट और उनपर हो रहे अफसर शाही के जुल्मों की शिकायत मिली थी, उस पर जल्द सख्त कानूनी करवाई होगी।

## सतलुज क्लब में पंकज उदास ने बांधा समा





लुधियाना / 17 अप्रैल / यूटर्न: पंकज उदास नाइट के दौरान शमा रोशन करती डीसी सुरभि मलिक साथ खड़े अन्य। इस दौरान पद्मश्री पंकज उदास के साथ सुर से सुर मिलाती माला ढांडा।

## एटीएम बदल कर खाते से निकाले 10 हजार, धराए गये



लुधियाना / 17 अप्रैल/ यूटर्न: लुधियाना में तीन युवकों ने एक महिला का एटीएम कार्ड बदल कर उसके खाते से 10 हजार रुपए निकाल लिए। सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने तीनों युवकों को दबोच लिया। उनके कब्जे से विभिन्न बैंकों के 31 एटीएम कार्ड के अलावा 10 हजार रुपए नकद और दो बाइकें बरामद की हैं। पुलिस उनसे पूछताछ कर वारदातों का पता करने में जुटी है। लुधियाना के सुरजीत नगर ग्यास पूरा की रहने वाली सुमन पांडे ने बताया कि वह शनिवार रात 8:15 बजे के करीब सुआ रोड ग्यास पूरा के एचडीएफसी बैंक के एटीएम केबिन में दाखिल हुई। जहां उसने पैसे निकालने की कोशिश की, लेकिन पैसे नहीं निकले। वहां मौजूद कुछ नौजवानों ने उसकी मदद करने के बहाने उसका एटीएम कार्ड कब बदल दिया गया उसे पता ही नहीं चला। इसके बाद वह अपने घर वापस आ गई। इस बीच उसके पति के मोबाइल पर 10 हजार रुपए निकलने का मैसेज आया। इसके बाद उनको पता चला कि वह धोखे का शिकार हो गई है।सुमन ने तुरंत ही मामले की शिकायत थाना डिवीजन नंबर छह की पुलिस को दी। पुलिस सूचना मिलते ही हरकत में आ गई। जांच अधिकारी लखबीर सिंह ने बताया कि एटीएम कार्ड बदल कर ठगी करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इनमें न्यू अमर नगर निवासी हरविंदर सिंह और अजय कुमार व एक अन्य शामिल हैं। पुलिस ने इन बदमाशों से 31 अलग-अलग एटीएम और दो मोटरसाइकिल समेत 10000 की नकदी बरामद की है।

## सीएम मान से मिले आप विधायक मदन लाल बग्गा, कई मुद्दों पर की चर्चा



लुधियाना / 17 अप्रैल/ यूटर्न: लुधियाना हलका उत्तरी के विधायक मदनलाल बग्गा ने शहर के अहम मुद्दों को लेकर मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ मुलाकात की। विधायक बग्गा ने मुख्यमंत्री के सामने बुड्ढा दरिया का मुद्दा उठाया और इसे साफ करने के लिए जल्दी ठोस कदम उठाने को कहा। इसके अलावा मदन लाल बग्गा ने थानों में पुलिस कर्मियों की संख्या बढ़ाने की मांग भी रखी।बग्गा ने बताया कि लुधियाना औद्योगिक शहर है और यहां पर फैक्ट्रियों में दिन व रात की शिफ्ट में काम होता है। यहां पर काम करने के लिए दूसरे राज्यों से बड़ी गिनती में श्रमिक आते हैं। शहर की आबादी के हिसाब से पुलिस कम है। उन्होंने कहा कि कानून व्यस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस में नई भर्तियां बेहद जरूरी हैं। इसके अलावा कपूर अस्पताल को फिर से शुरू करने की मांग भी मुख्यमंत्री के सामने रखी गई। बग्गा ने बताया कि मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि उनकी मांगों पर विचार किया जाएगा और जल्दी उन्हें पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

## आशीर्वाद आटा की ओर से कनक दी खनक थीम पर बैसाखी सेलिब्रेशन का आयोजन



लुधियाना / 17 अप्रैल/ यूटर्न: लुधियाना के एम बी डी मॉल में आशीर्वाद आटा की ओर से कनक दी खनक थीम पर बैसाखी सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। जिसमें खास तौर पर कई तरह की गेम्स भी खेली गई। चार स्टैप्स में गेम खेलकर लोगों ने जीता 10 किलो आशीर्वाद आटा। उन्होंने खेतों में तक की विधि के आधार पर एक गेम का आयोजन किया गया।इससे लोगों को चार स्टैप्स से जहा पर फसल को काटना, दूसरे कमरे में छननी से छानना तीसरे कमरे में चक्कों को घुमाना व चौथे कमरे में पजल को सुलझाकर बाहर आना था, ऐसा करने वाले कई लोगों को 10 किलो का आटा दिया गया।

## लुधियाना पहुंचे महंत मनीषा देवा का हुआ भव्य स्वागत

### फव्वारा चौक के निकट रितेश राजा ने की शिवसेना कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित



लुधियाना / 17 अप्रैल/ यूटर्न: महंत मनीषा देवा जी का लुधियाना पहुंचने पर शिवसेना नेता रितेश राजा द्वारा अपने साथियों सहित सिरोपे पहनाकर स्वागत किया गया। जिसके बाद शिव सेना कार्यकर्ताओं की एक बैठक रितेश राजा के नेतृत्व में फव्वारा चौक के पास हुई, जिसमें मुख्य मेहमान के तौर पर मनीषा देवी भी शामिल हुए। इस अवसर पर जहां मनीषा देवा ने अपने लुधियाना दौरे को काफी अहम बताया। वहीं पर, उन्होंने हिंदू धर्म के प्रचार प्रसार के लिए आगे भी काम जाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने रितेश राजा की ओर से किए जा रहे धर्म के प्रति कार्यों की प्रशंसा भी की। वहीं पर, रितेश राजा ने कहा कि बैठक में भविष्य की रणनीति पर चर्चा की गई और आने वाले दिनों में हिंदू धर्म के प्रचार और प्रसार के लिए जनहित में कार्यों को बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मनीषा देवा के विचारों से लोगों में बहुत उत्साह है।

## 24 घंटे में नशीले पदार्थों की तस्करी करते 4 लोग दबोचे गये

लुधियाना / 17 अप्रैल/ यूटर्न: रविवार को पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ छेड़ी मुहिम के अंतर्गत बीते 24 घंटों के दौरान विभिन्न जगहों पर कार्रवाई करते हुए 4 लोगों को गिरफ्तार कर गांजा, हेरोइन तथा अवैध शराब बरामद की है। आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज करके पुलिस की टीमें छानबीन करने में जुटी हुई हैं।



थाना डिवीजन नंबर 4 पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर भाई मन्ना सिह नगर इलाके में दबिश देकर एक व्यक्ति को 250 ग्राम गांजे समेत गिरफ्तार किया। एएसआइ बलविंदर सिंह ने बताया कि उसकी पहचान छावनी मोहल्ला स्थित भाई मन्ना सिंह नगर की झुग्गियों में रहने वाले संजय मुखिया के रूप में हुई। थाना डिवीजन नंबर 6 पुलिस ने गिल रोड इलाके में की गई नाकाबंदी के दौरान एक व्यक्ति को एक किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया। एएसआइ जसविंदर सिंह ने बताया कि उसकी पहचान मिलरगंज के मुरादपुरा की गली नंबर 3 निवासी मनोज राय के रूप में हुई।

### पंजाब कांग्रेस में और बढ़ सकती है अंतरकलह

## कारण बताओ नोटिस न देने के मूड़ में जाखड़



चंडीगढ़ / 17 अप्रैल / यूटर्न: कैप्टन अमरिंदर सिंह को मुख्यमंत्री पद से हटाने के लिए 2021 से कांग्रेस में शुरू हुए अंतरकलह का अंत दिखाई नहीं दे रहा है। कांग्रेस अनुशासनहीनता के कारण शुरू हुए अंतरकलह के दलदल से जितना निकलने की कोशिश कर रही है, उतना ही उसमें धंसती जा रही है। इसी क्रम में नया अध्याय सुनील जाखड़ के रूप में जुड़ गया है। कांग्रेस अपने वरिष्ठ नेता सुनील जाखड़ को कारण बताओ नोटिस जारी कर बाकी के पार्टी नेताओं को अनुशासन में रहने का संदेश देना चाहती थी, लेकिन ऐसा होता दिख नहीं रहा है। जाखड़ पार्टी के कारण बताओ नोटिस का जवाब देने के मूड में दिखाई नहीं दे रहे है, जबकि पार्टी के नोटिस की समयावधि सोमवार को खत्म हो रही है। जाखड़ के करीबी सूत्र बताते हैं कि पार्टी की ओर से जारी किए गए कारण बताओ नोटिस ने उनके गुस्से को और प्रचंड कर दिया है। यही कारण है कि वह पार्टी के नोटिस का जवाब देने के मूड में नहीं है। जाखड़ अगर सोमवार कर नोटिस का जवाब नहीं देते हैं तो पार्टी के समक्ष उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के अलावा कोई चारा नहीं रह जाएगा, जिससे कांग्रेस का अंतरकलह और भी बढ़ सकता है। दरअसल, कांग्रेस का एक बड़ा वर्ग जाखड़ के साथ खड़ा है। वहीं, आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सचिव रविंदर आवला पहले ही नोटिस को गलत बता चुके है। बता दें कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी की शिकायत पर पार्टी के महासचिव तारिक अनवर ने जाखड़ को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। 11 अप्रैल को जारी इस नोटिस में कहा गया है कि उन्होंने पार्टी के लीडर के खिलाफ अपमानजनक शब्दावली का प्रयोग किया और पंजाब में विधायक दल का नेता चुनते समय सांप्रदायिक सोच अपनाया।

## आप कार्यकर्ता ने मंत्री बलजीत कौर पर लगाये अकाली और कांग्रेसियों से रिश्ते के आरोप



चंडीगढ़ / 17 अप्रैल / यूटर्न: आम आदमी पार्टी के वर्करों ने अपनी ही सरकार के खिलाफ गुस्सा जाहिर किया है। आप सरकार में इकलौती महिला मंत्री के घर के बाहर वर्कर धरने पर बैठ गए हैं। उनका आरोप है कि अपनी ही पार्टी की सरकार होने के बावजूद उनकी कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। वर्करों ने कहा कि पार्टी के लिए वह जी-जान से सेवा करते रहे लेकिन अब मंत्री ने उन्हें पीछे कर दूसरी पार्टी के नेताओं को साथ ले लिया है। साहिल मोंगा, बब्बू उप्पल समेत दूसरे वर्करों ने आरोप लगाया कि मंत्री को फोन करते हैं तो उनका पीए आगे बात नहीं करवाता। दूसरे क्षेत्र का आप नेता वहां हस्तक्षेप कर रहा है। यही नहीं, कौंसिल चुनाव में आप वर्करों से झगड़ने वाला कांग्रेसी मंत्री के नाम पर नियुक्तियां कर रहा है। पूर्व कांग्रेस विधायक अजायब सिंह भट्टी के करीबी इस वक्त मंत्री के साथ चल रहे हैं। कई पूर्व अकाली नेता भी मंत्री के करीबी बन चुके हैं। वह 2014 से पार्टी से जुड़े हैं लेकिन टकसाली आप वर्करों को कोई तरजीह नहीं दी जा रही है।

### खबर जरा हटके

## पीरियड्स के दौरान एक्सरसाइज करने से होते हैं यह फायदे



किसी भी लड़की के लिए माहवारी के वो दिन बेहद ही तकलीफदेह होते हैं। लगातार होने वाले ब्लड लॉस से ना केवल कमजोरी का अहसास होता है, बल्कि इस दौरान लड़की या महिला को बहुत अधिक दर्द का अहसास होता है। ऐसे में वह अधिक से अधिक आराम करना पसंद करती हैं। हालांकि, इस पीरियड्स के समय में भी आपको अपना एक्सरसाइज रूटीन ब्रेक नहीं करना चाहिए। पीरियड्स के दौरान एक्सरसाइज करने का मतलब यह नहीं है कि इससे दर्द और बढ़ जाएगा। इसके विपरीत, अच्छी तरह से नियमित कसरत करने के मानसिक और शारीरिक लाभ मासिक धर्म के दर्द को कम करने के लिए काफी फायदेमंद हो सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको पीरियड्स के दौरान एक्सरसाइज करने से मिलने वाले कुछ लाभों के बारे में बता रहे हैं-

वास्तव में आपके मासिक धर्म आने तक के दिनों में थकान और दर्द का अनुभव करना एक सामान्य लक्षण है। नियमित एरोबिक व्यायाम करने से निश्चित रूप से इन दर्दों को कम करने में मदद मिल सकती है। इसलिए, आप पीरियड्स के दौरान अपनी क्षमतानुसार एक्सरसाइज अवश्य करें। पीरियड्स के दौरान चिड़चिड़ा मूड और दर्द दो मुख्य समस्याएं होती हैं और एक्सरसाइज इन दोनों को ही मैनेज करने में मददगार है। अध्ययनों से पता चलता है कि व्यायाम करने से एंडोर्फिन रिलीज करने में मदद मिलती है जो बदले में आपके मूड को बेहतर बनाता है।

### आज का विचार

भगवान कभी भी इंसान का भाग्य नही लिखता है, क्योंकि इंसान की सोच, उसका व्यवहार और उसके कर्म ही उसका भाग्य लिखते है।

### कार्टून-कोना, राज-नीति







# भगवान झूलेलाल का अवतरण हिन्दू धर्म की रक्षा हेतु हुआ था

जैसा कि सर्वविदित है कि प्राचीन भारत का इतिहास बहुत वैभवशाली रहा है। भारत माता को सही मायने में "सोने की चिड़िया" कहा जाता था एवं इस संदर्भ में भारत की ख्याति पूरे विश्व में फैली हुई थी। इसके चलते भारत माता को लूटने और इसकी धरा पर कब्जा करने के उद्देश्य से पश्चिम के रेगिस्तानी इलाकों से आने वाले मजहबी हमलावरों का वार सबसे पहले सिन्ध की वीरभूमि को ही झेलना पड़ता था। अविभाजित भारत में सिंध प्रांत को अपनी भौगोलिक स्थिति के चलते किसी जमाने में भारत का द्वार भी माना जाता था। इसी कारण से सिंध प्रांत ने अरब देशों से भारत पर होने वाले आक्रांताओं के वार भी सबसे अधिक सहे हैं। सिंध के रास्ते ही आक्रांता भारत में आते थे। सिंध की पावन भूमि वैदिक संस्कृति एवं प्राचीन सभ्यता का केंद्र रही है एवं सिंध की पावन धरा पर कई ऋषि, मुनियों एवं संत महात्माओं ने जन्म लिया है। सिंधी समुदाय को भगवान राम के वंशज के रूप में भी माना जाता है। महाभारत काल में जिस राजा जयद्रथ का उल्लेख है वो सिंधी समुदाय का ही था। आज के बलोचिस्तान, ईरान, कराची और पूरे सिन्धु इलाके के राजा थे श्री दाहिरसेन जी। आपका जन्म 663 ईसवी में हुआ था और 16 जून 712 ईसवी को इस महान भारत भूमि की रक्षा करते



हुए उन्होंने बलिदान दे दिया था। श्री दाहिरसेन जी जिन्होंने युद्धभूमि में लड़ते हुए न केवल अपनी प्राणाहुति दी बल्कि उनके शहीद होने के बाद उनकी पत्नी, बहन और दोनों पुत्रियों ने भी अपना बलिदान देकर भारत में एक नयी परम्परा का सूत्रपात किया था। राजा श्री दाहिरसेन जी एक प्रजावत्सल राजा थे। गौरक्षक के रूप में उनकी ख्याति दूर-दूर तक फैली हुई थी। सिंध राज्य के वैभव की कहानियां सुनकर ईरान के शासक हज्जाम ने 712 ईसवी में अपने सेनापति मोहम्मद बिन कासिम को एक विशाल सेना देकर सिन्ध पर हमला करने के लिए भेजा। कासिम ने देवल के किले पर कई आक्रमण किए पर राजा श्री दाहिरसेन जी और उनके हिंदू वीरों ने हर बार उसे पीछे धकेल दिया। परंतु कई बार हारने के बावजूद अंततः मोहम्मद बिन कासिम ने अंतिम हिन्दू राजा श्री दाहिरसेन को विश्वासघात कर हरा दिया जिसके बाद सिंध को अल-हिलाज के खलीफा द्वारा अपने राज्य में शामिल कर लिया गया और खलीफा के प्रतिनिधियों द्वारा सिंध में शासन प्रशासन चलाया गया। इस्लामिक आक्रमणकारियों ने पूरे क्षेत्र में तलवार की नोंक पर लगातार हिन्दू धर्मावलम्बियों का धर्मांतरण किया और इस क्षेत्र में इस्लाम को फैलाया। समय के साथ-साथ सिंध पर शासन करने वाले शासक भी बदलते रहे एवं एक समय सिंध की राजधानी थट्टा पर अत्याचारी, दुराचारी एवं कट्टर इस्लामिक आक्रमणकारी मिरखशाह का शासन स्थापित हो गया। उसने सिंध में एवं इसके आसपास के क्षेत्र में इस्लाम को फैलाने के लिए वहां के निवासियों का नरसंहार करना शुरू किया। मिरख शाह जिन सलाहकारों और मित्रों से घिरा हुआ था उन्होंने उसे सलाह दी थी कि यदि आप इस क्षेत्र में इस्लाम फैलाएंगे तो आपको मौत के बाद जन्नत या सर्वोच्च आनंद प्राप्त होगा।

# खूबसूरत स्किन पाने के लिए इस्तेमाल करें कैक्टस जेल

खूबसूरत स्किन पाने के लिए लोग तरह तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स और घरेलू नुस्खे आजमाते हैं। लेकिन आज हम आपको खूबसूरत त्वचा पाने का एक ऐसा घरेलू नुस्खा बताने जा रहे हैं जिसके बारे में शायद आपने पहले कभी नहीं सुना होगा। अगर आप अपनी स्क्रीन की नेचुरल तरीके से केयर करना चाहती हैं तो कैक्टस जेल का इस्तेमाल करें। जी हां, कैक्टस यानी नागफनी का पौधा स्किन के लिए बहुत लाभकारी माना जाता है। इसके पौधे से निकलने वाले जेल को चेहरे पर लगाने से करे तरह की स्किन प्रॉब्लम्स से छुटकारा मिलता है। आज के इस लेख में हम आपको कैक्टस जेल के फायदे और इसे इस्तेमाल करने का तरीका बताने जा रहे हैं-



### कैक्टस से जेल निकालने का तरीका

कैक्टस जेल निकालने के लिए कैक्टस के पत्तों को नीचे से काटें। अब इसके पत्तों से कांटों को अच्छी तरह से हटा दें। अब इस पत्ते को बीच बीच से काटें और इसके बाद चाकू या चम्मच की मदद से जेल निकाल लें।

### कैक्टस का फेस पैक बनाने की विधि

कैक्टस का फेस पैक बनाने के लिए एक कटोरी में कैक्टस का जेल निकाल लें। अब इसमें आधा चम्मच शहद, आधा चम्मच इलायची पाउडर और चुटकीभर हल्दी मिलाएं। सभी सामग्री को अच्छी तरह मिक्स कर लें। आपका फेस पैक तैयार है।

### स्किन के लिए कैक्टस जेल के फायदे

चेहरे पर जमा डेड स्किन और टैनिंग को दूर करने के लिए आप क्या तस्वीर का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें मिनरल्स फैटी एसिड ओर एंटीऑक्सीडेंट्स मौजूद होते हैं जो त्वचा पर जमा डेड स्किन को दूर करते हैं। इसके लिए कैक्टस जेल को अपनी हथेली पर लेकर इसे चेहरे पर लगाएं। अब हल्के हाथों से मसाज करें। आप अपने चेहरे पर मौजूद पिंपल्स को दूर करने के लिए भी कैक्टस जेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें मौजूद एंटी ऑक्सीडेंट और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण चेहरे पर पिंपल्स को कम करने में मदद करते हैं। इसलिए लिए आप चेहरे पर कैक्टस फेस पैक लगा सकते हैं।

# थकान को दूर करने के लिए खाएं यह फूड्स

आमतौर पर, यह देखने में आता है कि जब भी व्यक्ति थकान का अनुभव करता है, तो वह खुद को एनर्जी प्रदान करने के लिए कैफीनयुक्त पेय या एनर्जी बार का सेवन करते हैं। यकीनन एक कप कॉफी या यह एनर्जी बार आपको एक बार में एनर्जी प्रदान करें, लेकिन वास्तव में इन्हें हेल्दी विकल्प नहीं माना जा सकता है। दरअसल, यह शुरूआत में तो आपको एनर्जी प्रदान करते हैं, लेकिन कुछ वक्त बाद ही आप खुद को पहले से भी अधिक थका हुआ महसूस करते हैं। इसलिए बेहतर होगा कि आप अपने शरीर में ऊर्जा के स्तर को बनाए रखने के लिए कुछ हेल्दी विकल्पों का सहारा लें। तो चलिए आज इन विकल्पों के बारे में हम आपको बता रहे हैं-

यदि आप भोजन के बीच थकान महसूस कर रहे हैं, तो सबसे अच्छा स्नैकिंग विकल्प हैं बादाम, अखरोट, चिया बीज, अलसी और पिस्ता जैसे मेवे और बीज। आप सूरजमुखी के बीज, हेज़लनट्स, या कद्दू के बीज भी ले सकते हैं। ये सभी ऐसे हेल्दी फूड आइटम्स हैं, जो थकान से लड़ते हैं। दरअसल, जब आप



थके हुए होते हैं, तो यह शरीर को आवश्यक पोषक तत्व, फाइबर और ऊर्जा प्रदान करते हैं। अधिकांश नट्स मैग्नीशियम, पोटेशियम और अन्य महत्वपूर्ण पोषक तत्वों जैसे ओमेगा -3 फैटी एसिड से भरपूर होते हैं जो शक्तिशाली एंटीऑक्सिडेंट होते हैं। ये थकान से लड़ने वाले एकदम सही खाद्य पदार्थ हैं। थकान से लड़ने के लिए केला सबसे अच्छे खाद्य पदार्थों में से एक है। पोटेशियम, विटामिन और खनिजों से भरपूर, केला दुनिया भर में सबसे सस्ते और सबसे आसानी से उपलब्ध ऊर्जा स्त्रोतों में से एक है। आप इसे ऐसे ही खा सकते हैं या फिर स्मूदी और मिल्कशेक आदि के रूप में इसे शामिल करें। जब शरीर के थकान के कारणों की बात होती है, तो उसमें पानी की कमी भी एक वजह होती है। दरअसल, जब आप शरीर की आवश्यकता से कम पानी का सेवन करते हैं, तो इससे शरीर आमतौर पर थका हुआ महसूस करता है। इसलिए यह जरूरी है कि आप अपने शरीर के ऊर्जा के स्तर को बनाए रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करें। यह आपकी डेली डाइट में कोई अतिरिक्त कैलोरी नहीं एड करता है और आपको अधिक ऊर्जावान महसूस कराता है। एक व्यस्क व्यक्ति को दिनभर में 2-3 लीटर पानी का सेवन अवश्य करना चाहिए। फाइबर, कार्बोहाइड्रेट और प्रोटीन से भरपूर, बीन्स उन खाद्य पदार्थों में सबसे ऊपर हैं जो थकान से लड़ते हैं। वे फाइबर से भरपूर होते हैं जो रक्त शर्करा के स्तर को स्थिर करने और शर्करा के स्तर में अचानक वृद्धि या गिरावट को रोकने में मदद करते हैं। किडनी बीन्स, क्लस्टर बीन्स, नियमित फ्रेंच बीन्स, और गारबानो बीन्स जैसे कई विकल्प उपलब्ध हैं। इन्हें नाश्ते के रूप में या करी के हिस्से के रूप में खाएं।

# एडवरटाइजमेंट होल्डिंग पर बैट मारने से ईशान को मिल सकती है सजा

मुंबई / यूटर्नः मुंबई इंडियंस के ओपनर ईशान किशन को बाउंड्री लाइन पर पड़ी एडवराटाइजमेंट होल्डिंग पर गुस्सा निकालना महंगा साबित हो सकता है। उन पर जुर्माना भी लगाया जा सकता है। दरअसल इंडियन प्रीमियर लीग में शनिवार को मुंबई इंडियंस और लखनऊ जायंट्स के बीच खेले गए मैच में मुंबई को जीत के लिए 200 रन की जरूरत थी। मुंबई को जीत के लिए ओपनर ईशान किशन और कप्तान रोहित शर्मा से अच्छी शुरुआत की जरूरत थी। रोहित शर्मा जल्द ही आउट हो गए। वे 7 गेंदों पर केवल 6 रन ही बना पाए थे। उस समय टीम का स्कोर 16 रन ही था। ऐसे में टीम को दूसरे ओपनर ईशान किशन से अच्छी पारी की उम्मीद थी, पर वे भी 7 वें ओवर में मार्कस स्टोइनिस की गेंद पर आउट हो गए।




वह 17 गेंदों पर 13 रन ही बना पाए। ऐसे में एक बार फिर फ्लॉप रहने का गुस्सा होने ईशान ने डगआउट लौटते समय बाउंड्री पर निकाला। उन्होंने गुस्से में बैट से बाउंड्री लाइन पर पड़ी एडवरटाइजमेंट होल्डिंग पर मारा। ईशान की इस हरकत के लिए उन पर जुर्माना भी लगाया जा सकता है। ईशान किशन को मेगा ऑक्शन में मुंबई इंडियंस ने 15.25 करोड़ रुपये में खरीदा था। उन्होंने आईपीएल के इस सीजन में शुरुआत तो शानदार की थी, मगर इसके बाद वो अपनी लय से भटक गए और उनके बल्ले से ज्यादा रन नहीं निकल पाया है। उन्होंने दिल्ली के खिलाफ पहले मैच में 81 रन की नाबाद पारी खेली थी। वहीं राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ भी 54 रन बनाए थे। मगर उसके बाद उनका बल्ला खामोस है और वह किसी भी मैच में 26 से ज्यादा रन नहीं बना पाए हैं। उन्होंने अब तक खेले 6 पारियों में 38.20 की औसत से 191 रन जड़े हैं। उनका स्ट्राइक इक रेट 117.17 है। आईपीएल के 15 वें सीजन में मुंबई इंडियंस की छठी हार है।

# वॉर्नर पर चढ़ा केजीएफ का खुमार

मुंबई / यूटर्नः दिल्ली कैपिटल्स के विस्फोटक बल्लेबाज डेविड वॉर्नर अब ब्लॉकबस्टर फिल्म केजीएफ-2 के रॉकी भाई के अवतार में नजर आए हैं। दिल्ली कैपिटल्स ने अपने सोशल मीडिया पेज पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वह केजीएफ का वायलेंस वाला डायलॉग बोलते नजर आ रहे हैं। इससे पहले उन्होंने पुष्पा फिल्म का मैं झुकेगा नहीं... डायलॉग भी रीक्रिएट किया था। वॉर्नर का यह अंदाज लोगों को खूब पसंद आ रहा है। दिल्ली कैपिटल्स के ओपनर डेविड वॉर्नर सोशल मीडिया पर काफी लोकप्रिय हैं और वह अपने फैन्स को एंटरटेन करने का कोई मौका नहीं चूकते हैं। वॉर्नर हॉलीवुड फिल्मों की तुलना में बॉलीवुड और टॉलीवुड फिल्मों में ज्यादा दिलचस्पी दिखाते हैं। इससे पहले भी वह कई कई गानों को रीक्रिएट कर चुके हैं। साथ ही वॉर्नर डायलॉग्स की नकल करते दिखे हैं। उनकी इन्हीं अदाओं के कारण वॉर्नर की भारत में काफी फैन फॉलोइंग है। कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ 61 रनों की मैच विनिंग पारी के दौरान वॉर्नर ने रिवर्स स्वीप का प्रयोग किया।




कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ 61 रनों की मैच विनिंग पारी के दौरान वॉर्नर ने रिवर्स स्वीप का प्रयोग किया। पिछले सीजन में सनराइजर्स हैदराबाद ने बीच सीजन वॉर्नर को टीम से ड्रॉप कर दिया था। दर्शक दीर्घा में बैठकर मैच देख रहे वॉर्नर ने इस बार जोरदार वापसी की है। आईपीएल 2022 की नीलामी में ऑस्ट्रेलियाई ओपनर डेविड वॉर्नर को दिल्ली ने 6.25 करोड़ रुपये में खरीदा था। वॉर्नर को खरीदने के लिए मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स ने भी दिलचस्पी दिखाई थी।



# निया शर्मा ने ढाया कहर

निया शर्मा ने ब्लैक क्रॉप टॉप पहन फोटो शेयर की है। इसमें वह बोल्ड पोज देती नजर आ रही है। निया शर्मा ने इंस्टाग्राम पर अपनी हालिया बोल्ड तस्वीरें शेयर की है। इसमें उन्हें ब्लैक कलर का क्रॉप टॉप और डेनिम शॉर्ट्स पहने देखा जा सकता है। तस्वीरों में निया शर्मा बैठकर पोज देती हुई नजर आ रही हैं। उन्होंने एक चैननुमा नेकलेस भी गले में पहन रखा है। निया शर्मा टेलीविजन शो में अहम भूमिका निभाती है। उनकी भूमिकाएं काफी पसंद की गई है। निया शर्मा अपने बोल्ड अंदाज के लिए जानी जाती है। हाल ही में उन्होंने फूंक ले गाने में काम किया था। निया शर्मा अपने बोल्ड अंदाज के लिए जानी जाती है। हाल ही में उन्होंने फूंक ले गाने में काम किया था।

# कैंसर के बारे में पता चलने पर टूट गए थे संजय दत्त

संजय दत्त बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता हैं। हाल ही में संजय दत्त केजीएफ 2 में दिखाई दिए हैं। जैसा कि हम सभी जानते हैं संजय दत्त की तबीयत बीते कुछ टाइम से सही नहीं थी। कुछ समय पहले वे कैंसर से डायग्नोज हुए थे। हालांकि अब वे कैंसर मुक्त हैं। अब तक संजय दत्त का अपनी बीमारी को लेकर कोई बयान नहीं आया था, लेकिन अब इतने समय बाद जाकर संजय ने अपनी बीमारी के बारे में बात की है। उन्होंने बताया कि जब उन्हें अपनी बीमारी के बारे में पता चला तो उन्होंने किस तरह रियेक्ट किया था। संजय दत्त के मुताबिक, इस खबर ने उन्हें बुरी तरह तोड़ दिया था। संजय दत्त ने लंग कैंसर से अपनी जंग के बारे में बात करते हुए बताया, यह लॉकडाउन का एक नार्मल दिन था। जब मैं सीढ़ियों से चढ़कर ऊपर गया तो मेरी सांस फूलने लगी। मुझे बिल्कुल सांस नहीं आ रही थी। मैं नहाया फिर भी मुझे सांस नहीं आ रही थी।



# रियल लाइफ में काफी हॉट दिखती हैं ईशा तलवार

मिर्ज़ापुर के दूसरे सीजन में मुन्ना भैया की पत्नी माधुरी का किरदार निभाकर लोकप्रिय हुई अभिनेत्री ईशा तलवार तो आपको याद ही होगी। अभिनेत्री ने मिर्ज़ापुर 2 में अपनी दिलकश अदाओं और दमदार एक्टिंग से लाखों लोगों दिलों में आग लगा दी थी। ईशा की मासूमियत पर न जाने कितने लोग अपना दिल हार बैठे थे। अभिनेत्री ऑन-स्क्रीन जितनी मासूम दिखती हैं उतनी हैं नहीं और इस बात का अंदाजा आप उनके सोशल मीडिया अकाउंट को देखकर लगा सकते हैं। अभिनेत्री ईशा बड़े पर्दे के साथ-साथ सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और उनकी फैन-फॉलोविंग भी काफी अच्छी है। अभिनेत्री अक्सर अपनी हॉट तस्वीरें शेयर करके फैंस के होश उड़ाती रहती हैं। आईये डालते हैं अभिनेत्री की हॉट और सेक्सी तस्वीरों पर एक नजर। अभिनेत्री ईशा तलवार ने अपने करियर की शुरुआत एक मॉडल के तौर पर की थी। अभिनेत्री पिज्जा हट, विवेल फेयरनेस क्रीम, काया स्किन क्लिनिक, इयूलक्स पेंट्स और धात्री फेयरनेस क्रीम जैसे ब्रांडों के कई विज्ञापनों में दिखाई दी हैं। ईशा ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत मलयालम फिल्म थट्टाथिन मरयाथु से की।



# रुबीना दिलैक ने दिए कातिलाना पोज

'बिग बॉस 14' विनर रुबीना दिलैक टीवी की जानी मानी अभिनेत्री हैं। पर्दे पर रुबीना ने काफी सिंपल और संस्कारी रोल प्ले किए हैं। लेकिन असल जिंदगी में रुबीना काफ बोल्ड हैं। रुबीना दिलैक एक्टिंग के साथ सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। वह आए दिन अपनी हॉट एंड ग्लैमरस तस्वीरों के जरिए फैंस को सरप्राइज देती हैं। इसी बीच रुबीना ने इंस्टाग्राम पर अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। इस फोटोशूट में वह काफी ग्लैमरस नजर आ रही हैं। रुबीना दिलैक की इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि उन्होंने सुर्ख लाल रंग की साड़ी पहनी है जिसमें वो काफी हॉट लग रही हैं। रुबीना ने अपनी इस साड़ी को थाई हाई स्लिट डिजाइन में बंधा है। उनके अलग स्टाइल में साड़ी बांधने का तरीका फैंस को काफी पसंद आ रहा है।



खुद बोलती तस्वीर



# दिल्ली हिंसाः जहांगीरपुरी छावनी में बदला, अंसार-असलम गिरफ्तार

नई दिल्ली / यूटर्नः दिल्ली के जहांगीरपुरी में शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव की शोभायात्रा पर पथराव के साथ फायरिंग भी हुई थी। फायरिंग करने वाले आरोपी अंसार और असलम को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उससे पूछताछ की जा रही है। स्पेशल कमिश्नर दीपेंद्र पाठक ने कहा कि जांच के बाद पूरे मामले का सिलसिलेवार खुलासा करेंगे। वहीं जहांगीरपुरी इलाका छावनी में तब्दील हो गया है। RAF और पुलिस के जवान लगातार परेड कर रहे हैं। डीसीपी नॉर्थ वेस्ट ऊषा रंगनानी ने बताया कि हिंसा में आठ पुलिस कर्मी और एक नागरिक घायल हुए हैं। एक सब इंस्पेक्टर को उपद्रवियों की गोली लगी है। वे अस्पताल में भर्ती हैं और उनकी हालत में सुधार है। उन्होंने आगे बताया कि हिंसा के बाद अमन कमेटी की बैठक हुई, जिसमें लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की गई है। उन्होंने कहा- उपद्रवियों ने यहां आगजनी भी की। तलवार और गोलियां भी चलीं। इस मामले में पुलिस ने 14 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पहले 9 लोग पकड़े गए, फिर 5 लोगों को अरेस्ट किया गया। पुलिस के मुताबिक, इलाके में तनाव है, लेकिन हालात पर काबू पा लिया गया है। वहां आरएएफ की दो कंपनियां तैनात की गई हैं। दिल्ली के तमाम संवेदनशील इलाकों में पुलिस तैनात है और यहां हाई अलर्ट है। इलाके में नाइट विजन ड्रोन से निगरानी की गई। स्पेशल पुलिस कमिश्नर दीपेंद्र पाठक ने शनिवार देर रात बताया कि FIR दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पाठक ने कहा कि स्थिति पूरी तरह कंट्रोल में है। माहौल अब शांतिपूर्ण है। हम लोगों के साथ लगातार संपर्क में हैं और शांति बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील कर रहे हैं। सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस अधिकारी यहां मौजूद हैं। पुलिस की टीम ने इलाके के कई वीडियो फुटेज हासिल कर लिए हैं। इनमें कुछ लोगों की पहचान भी हो चुकी है। अफसरों का कहना है कि दोषियों से सख्ती से निपटा जाएगा। दिल्ली पुलिस ने उपद्रव की जांच के लिए 10 टीमें गठित की है। मामले की जांच क्राइम ब्रांच को सौंपी गई है।



**जामा मस्जिद के पास बहस से शुरू हुआ विवाद**
जहांगीरपुरी में हनुमान जन्मोत्सव के जुलूस में हुई हिंसा के मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। इसके अनुसार जामा मस्जिद के पास हुई मामूली बहस ने हिंसा का रूप धारण कर लिया था। कुछ ही देर में पथराव शुरू हो गया और शोभा यात्रा में भगदड़ मच गई।

पाकिस्तान द्वारा अफगानिस्तान पर की गई एयरस्ट्राइक

## 40 से ज्यादा लोगों की मौत का दावा, तालिबान सरकार ने कहा- सब्र का इम्तेहान न लें



काबुल। शनिवार को पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के खोस्त और कुनार प्रांतों में एयरस्ट्राइक कर दी। लोकल पुलिस के मुताबिक, पेसा मिला और मीर सफर में हुई बमबारी में 5 बच्चों और 1 महिला की मौत हुई। हालांकि, स्थानीय लोगों का कहना है कि हमला खोस्त के स्पेरा जिले में हुआ था, जिसमें 40 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। एयरस्ट्राइक के बाद अफगानिस्तान के लोगों ने सड़क पर उतरकर पाकिस्तान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी किया। हमले को लेकर पाकिस्तान सरकार की तरफ से कोई टिप्पणी नहीं की गई है। हालांकि, वहां के मीडिया का कहना है कि एयरस्ट्राइक के जरिए तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान पर हमला किया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अफगानिस्तान के विदेश मंत्रालय ने हमले की कड़ी निंदा की है।

एयरस्ट्राइक के बाद तालिबान सरकार ने पाकिस्तान के राजदूत मनसूर अहमद खान को तलब किया। इस दौरान अफगानिस्तान के फॉरेन मिनिस्टर आमिर खान मुत्ताकी और डिप्टी डिफेंस मिनिस्टर अल्हाज मुल्ला शिरीन अखुंड मौजूद रहे। तालिबान के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने ट्वीट कर पाक सरकार को चेतावनी दी है।

## नॉर्थ कोरिया ने टैक्टिकल वेपन डिलिवरी सिस्टम का किया परीक्षण

प्योंगयांग। नॉर्थ कोरिया ने रविवार को अपनी परमाणु ताकत को बढ़ाने के लिए एक नई हथियार प्रणाली का परीक्षण किया। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी के मुताबिक, इस हथियार से लंबी दूरी तक वार करने वाली मिसाइलों की मारक क्षमता बेहतर होगी। साथ ही इससे परमाणु हथियारों के इस्तेमाल में भी मदद मिलेगी। परीक्षण के दौरान नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन भी मौजूद रहे। इससे पहले शुक्रवार को नॉर्थ कोरिया ने अपने संस्थापक और किम जोंग के दादा किम इल सुंग का जन्मदिन मनाया। पूरे देश में जुलूस, आतिशबाजी और डांस के कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। चौंकाने वाली बात ये थी कि इस दौरान कोई सैन्य परेड या परमाणु हथियारों का परीक्षण नहीं किया गया। दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा- शनिवार को नॉर्थ कोरिया से समुद्र की तरफ दो प्रोजेक्टाइल लॉन्च की गई थी।

## रूस भारत को देगा इंडियन नेवी को दो स्टील्थ फ्रिगेट

दिल्ली/मॉस्को। यूक्रेन के साथ 50 दिन से भी ज्यादा लंबे समय से जंग में उलझे रूस ने भारत की हथियार सप्लाई प्रभावित नहीं होने देने का वादा किया है। हालांकि, मिसाइल डिफेंस सिस्टम S-400 की सेकेंड रेजीमेंट की डिलीवरी कुछ महीने के लिए टलने के आसार हैं, लेकिन इस बीच रूस ने इंडियन नेवी को दो तलवार-क्लास स्टील्थ फ्रिगेट की सप्लाई तय शेड्यूल के हिसाब से करने का वादा किया है। भारत और रूस के बीच 2016 में चार स्टील्थ फ्रिगेट की खरीद का इंटर-गवर्नमेंटल एग्रीमेंट हुआ था। एक अरब डॉलर के इस एग्रीमेंट के हिसाब से दो स्टील्थ फ्रिगेट रूस में बनाए जाने थे, जबकि बाकी दो का कंस्ट्रक्शन टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के तहत गोवा शिपयार्ड लिमिटेड किया जाना है। द हिंदू ने अपनी रिपोर्ट में एक भारतीय रक्षा अधिकारी के हवाले से बताया है कि चारों फ्रिगेट का कंस्ट्रक्शन चालू हो चुका है। दरअसल रूस में बनने वाले दोनों फ्रिगेट पहले 2022 के अंत तक भारत को मिल जाने थे, लेकिन पिछले साल कोरोना के कहर के कारण इनके कंस्ट्रक्शन में देरी हुई। इसके चलते पहला फ्रिगेट करीब 8 महीने की देरी के साथ 2023 के मध्य में इंडियन नेवी को सौंपा जाना तय हुआ था। गोवा में बनने वाले दोनों वॉरशिप्स में से पहले की डिलीवरी 2026 में और दूसरे की डिलीवरी उसके 6 महीने बाद देना तय है। हालांकि, अब रूस की यूक्रेन के साथ जंग शुरू हो जाने से यह टाइमलाइन खतरे में मानी जा रही है।

## बख्शे नहीं जाएंगे भ्रष्टाचार करने वाले अधिकारीः सीएम योगी

गोरखपुर / यूटर्नः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 900 करोड़ रुपये के खर्च से गोमती रिवर फ्रंट की तर्ज पर बन रहे गोड़धोइया नाला को इस तरह विकसित करने के लिए कहा है कि जलनिकासी में कोई व्यवधान भी न आए और सड़क पर हरियाली भी नजर आए। कार्य को गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण करने पर विशेष जोर देते हुए सीएम योगी ने चेतावनी दी कि अगर भ्रष्टाचार की शिकायत मिली तो कार्रवाई भी कड़ी होगी। निर्माणाधीन सैनिक स्कूल पहुंचे मुख्यमंत्री ने मार्च 2023 तक निर्माण पूर्ण करने का निर्देश देते हुए कहा कि अगले सत्र से यहां पढ़ाई शुरू हो जानी चाहिए। गोरखनाथ मंदिर में अधिकारियों संग बैठक कर मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों की समीक्षा की। दो दिवसीय दौरे पर गोरखपुर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सबसे पहले खाद कारखाना परिसर स्थित



निर्माणाधीन सैनिक स्कूल पहुंचे। एकेडमिक ब्लाक का निर्माण शुरू होने की जानकारी मिलने पर सीएम योगी ने छात्रावास और स्टाफ आवास का निर्माण कार्य भी शुरू कराने के निर्देश दिए, जिससे कि अगले शैक्षिणक सत्र से छात्रों का नामांकन कर यहां पढ़ाई शुरू कराई जा सके। उन्होंने जिलाधिकारी को गुणवत्ता की जांच कराने का निर्देश देते हुए कहा कि सीमेंट, बालू व मौरंग की मात्रा व गुणवत्ता की भी जांच करें। सीमेंट कहां से आ रहा है। कौन दे रहा है। इस पर भी नजर रखने की जरूरत है। निर्माण कार्य को लेकर यह सही समय है। इस समय जितना तेजी से कार्य होगा, उतना ही समय से पूरा होगा। यहां से गोड़धोइया नाला का निरीक्षण करने बिछिया पहुंचे मुख्यमंत्री ने नाले को तल्लीझार सफाई के साथ इसे पक्का कर दोनों तरफ सात-सात मीटर चौड़ी सड़क बनाने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि कहा कि आरकेबीके मोहद्दीपुर के सामने रेलवे लाइन के बगल की जगह को तालाब के रूप में विकसित कर ऐसा बनाएं कि बच्चों के लिए यहां मनोरंजन की व्यवस्था हो जाए। नाला के दोनों किनारे पर उन्होंने बोल्डर पिचिंग कराने के भी निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि नाला निर्माण में तकरीबन पांच सौ मकान गिराए जाएंगे, जिसके लिए 750 करोड़ रुपये मुआवजा दिया जाएगा। 150 करोड़ रुपये में नौ किलोमीटर लंबा पक्का नाला नाला और दोनों तरफ सड़क बनेगी।

## तूफान और भारी बारिश से असम में 14 लोगों की गई जान

गुवाहाटी / यूटर्नः देशभर में फिलहाल गर्मी का प्रकोप जारी है और कई राज्यों में पारा बढ़ता जा रहा है। वहीं, असम में मौसम ने एकदम से करवट ली है। यहां कल रात हुई तेज आंधी-तूफान और भारी बारिश ने काफी नुकसान पहुंचाया है। विभिन्न जिलों में तूफान, बिजली गिरने और भारी बारिश से कई लोगों के मरने की बात सामने आई है। वहीं भारी बारिश के चलते सड़क दुर्घटना में कई लोगों की मौत की जानकारी मिली है जिसपर पीएम मोदी ने भी दुख जताया है। दूसरी ओर असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के अनुसार कल राज्य में बिजली गिरने से 8 लोगों की मौत हुई थी जिसकी संख्या अब बढ़कर 14 पहुंच गई है। पीएम नरेंद्र मोदी ने भी असम में बारिश-तूफान के चलते आम लोगों की जनहानी पर शोक जताया है। पीएम ने ट्वीट कर कहा, असम के विश्वनाथ जिले में एक सड़क दुर्घटना में लोगों की मौत से दुखी हूं। जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति संवेदना। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। प्राधिकरण द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 592 गांवों को भारी बारिश से नुकसान हुआ है और 20 हजार से ज्यादा लोग इससे प्रभावित हुए हैं। बिजली गिरने और आंधी तूफान से लगभग 6000 कच्चे और पक्के मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

Owner, Publisher, Printer: Komal Sharma, Printed by: BBF Industries Limited, VPO Bhamiia Kalan, Tajpur Road, Ludhiana PB-141011, Published by : House No. 68, New Sarabha Nagar, VPO, Dad. Ludhiana PB-142022, Chief Editor: Sandeep Sharma